निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेलि - 020 25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

# प्रेस विज्ञप्ति

**07/09/2020**

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एमसीएलआर को 10 बीपीएस घटाया

**पुणे, 7 सितंबर, 2020:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (BoM) देश का एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। बैंक ने लगातार छठे महीने के लिए अपनी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट्स (एमसीएलआर) को कम किया। 7 सितंबर, 2020 से एमसीएलआर को चुनिंदा अवधियों में वर्तमान स्तर से 10 बीपीएस तक कम किया गया है।

बैंक का एक वर्ष और छह महीने का एमसीएलआर क्रमशः 7.30 प्रतिशत (7.40 प्रतिशत से) और 7.25 प्रतिशत (7.30 प्रतिशत से) होगा, जो वर्तमान बाजार परिदृश्य के अनुसार प्रतिस्पर्धी है। अन्य सभी अवधियों, ओवरनाइट, एक महीने और तीन महीने के लिए एमसीएलआर दरें क्रमशः 6.80%, 7.00% और 7.20% हैं।

बैंक के एमसीएलआर में कमी का उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और औद्योगिक विकास का समर्थन करना है।